# UP Board Notes Class 8 Hindi Chapter 7 आदर्शपरिवार (अनिवार्य संस्कृत)

**एकस्मिन् ग्रामे ............................................................. निवसतः।**

**हिन्दी अनुवाद** – एक ग्राम में जगत्पाल नाम का एक सज्जन रहता है। उसकी पत्नी कला है। जगत्पाल सैंतीस वर्ष का और कला बत्तीस वर्ष की है। जगत्पाल का हृदय अत्यन्त उदार और कला का स्वभाव भी अत्यन्त मधुर है। दोनों दम्पत्ति सुख से रहते हैं।

**तयोः द्वे ............................................................. तृतीया कक्षायां च।**

**हिन्दी अनुवाद** – उनकी दो सन्तानें हैं- एक पुत्र और एक पुत्री। पुत्र का नाम विवेक तथा पुत्री को नाम प्रतिभा है। विवेक ग्यारह वर्ष का और प्रतिभा सात वर्ष की है। विवेक सातवीं कक्षा में पढ़ता है और प्रतिभा तीसरी कक्षा में।

**आप्र-निम्ब ............................................................. ददाति**

**हिन्दी अनुवाद** – आम, नीम और महुआ आदि वृक्षों की छाया में जगत्पाल का घर अत्यन्त सुन्दर है। जगत्पाल एक परिश्रमी और कुशल किसान है। वह हमेशा खेती के कार्यों में लगा हुआ अपने कर्तव्य का पालन करता है। वह परिश्रम करके अपने खेतों में पर्याप्त अन्न, सब्जियाँ और फल पैदा करता है। उसके घर में एक सफेद रंग की गाय है। वह पर्याप्त दूध देती है।

**जगत्पालो ........................................................... कुरुतः।**

**हिन्दी अनुवाद** – जगत्पाल जैसा अपने बेटे विवेक से प्यार करता है, वैसा ही बेटी प्रतिभा से भी। इसी प्रकार कला का स्नेह भी पुत्र और पुत्री में समान है। वे दोनों सन्तान के सुख के लिए हमेशा प्रयास करते हैं।

**विवेकः ............................................................. गच्छतः।**

**हिन्दी अनुवाद** – विवेक और प्रतिभा स्वास्थ्यप्रद और पौष्टिक भोजन करते हैं। उनमें शोक और फल का आधिक्य होता है। वे दोनों भाई-बहन पर्याप्त दूध पीते हैं। स्वच्छ वस्त्रों को पहनकर, प्रसन्न और स्वस्थ, वे दोनों माता और पिता को प्रणाम करके अपने विद्यालय में पढ़ने के लिए जाते हैं।

**कला एका ............................................................. अर्हति।**

**हिन्दी अनुवाद** – कला एक स्वस्थ और आदर्श गृहिणी है। वह सदा अपने कार्यों को करती है। और पति और सन्तान के स्वास्थ्य के विषय में सावधान रहती है। पति जगत्पाल भी अपनी पत्नी कला को बहुत मानता है। इस प्रकार से परस्पर स्नेह और सौहार्द से बँधा यह लघुपरिवार एक आदर्श परिवार है। लघुपरिवार ही सुखी परिवार होता है। भोजन की, वस्तु की और घर की व्यवस्था लघुपरिवार में , ही समुचितरूप से हो सकती है। लघुपरिवार से ही समाज का और राष्ट्र का कल्याण होना सम्भव है।

https://www.evidyarthi.in/